प्रदेश में स्टार्टअप दस हजार पहुंचाने का लक्ष्य

लखनऊ। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई स्टार्टअप नीति के तहत स्टार्टअप पंजीकरण की संख्या में इजाफा हो रहा है। अब तक 5600 स्टार्टअप पंजीकृत हो गए हैं। प्रदेश सरकार ने जल्द ही इनकी संख्या बढ़ाकर दस हजार करने का लक्ष्य तय किया है।

हर जिले में कम से कम एक इनक्यूबेटर सेंटर की होगी स्थापना

इसके तहत कई निवेशकों ने यूपी में अपना स्टार्टअप स्थापित करने के लिए आवेदन भी किया है। स्टार्टअप की संख्या दस हजार से अधिक करने के लिए प्रदेश के हर जिले में कम से कम एक इनक्यूबेटर की स्थापना करने का फैसला भी किया गया है।

सरकार के प्रवक्ता के अनुसार इनक्यूबेटर की स्थापना उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग में की जाएगी। प्रदेश में कुल सौ इनक्यूबेटर स्थापित किए जाएंगे। इनमें से 47 इनक्यूबेटर स्थापित किए जा चुके हैं। यही नहीं प्रदेश सरकार ने अगले सौ दिनों में दो सेंटर फॉर एक्सीलेंस भी स्थापित होगा। इनक्यूबेटर और सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना से प्रदेश में एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही प्रदेश में स्थापित स्टार्टअप देश को स्टार्टअप हब बनाने में अहम भूमिका निभा सकेंगे। ब्यूरो